SIDBI

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक
SMALL INDUSTRIES DEVELOPMENT BANK OF INDIA

**पंजीकृत डाक से, पावती सहित**

क्रमांक सं.3992/आरटीआई/प्र.अ.07/2016 04 अगस्त, 2016

**सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत अपीलीय प्राधिकारी**
**भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी / बैंक)**
**प्रथम अपील क्र.07/2016**

**अपीलार्थी : श्री मनमोहन सिंह, S/o श्री नर्वदेश्वर सिंह, ग्राम कुशहारा, पो.डोहरिया बाज़ार, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश पिन 273015.**

**निर्णय**

**प्रस्तावना :**

श्री मनमोहन सिंह अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत आवेदन पत्र दिनांक जून 13, 2016 द्वारा मुद्रा लोन न मिलने पर कार्यवाही का अनुरोध किया गया था। जिसके उत्तर में केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी द्वारा 21/07/2016 को आदेश सं.1904 पारित किया गया है । उत्तर से संतुष्ट न होने के कारण अपीलार्थी ने अपील प्रस्तुत की है जो मुझे 03/08/2016 को प्राप्त हुई है ।

मैंने अपीलार्थी द्वारा प्रेषित आवेदन पत्र, केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी के दिनांक 21/07/2016 का आदेश सं.1904, एवं अपील का भलीभाँति अवलोकन किया है । प्रार्थी द्वारा कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया था न कि कोई जानकारी मांगी गई फिर भी प्रार्थी की सहायता के उद्देश्य से केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी द्वारा मार्गदर्शन के रूप में जानकारी प्रदान की गई । उस निर्णय से भी सन्तुष्ट न होने पर अपील प्रेषित की गई है जिसमें निर्णय में त्रुटि बताने की अपेक्षा आवश्यक कार्यवाही का अनुरोध किया है ।

चूंकि प्रार्थी द्वारा कोई जानकारी नहीं मांगी गई तत्पश्चात भी केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी द्वारा मदद के रूप में अधिनियम के बाहर जाकर सूचना दी है अत: मेरे विचार में केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी के निर्णय में कोई त्रुटि नहीं है अत: यह अपील निरस्त की जाती है ।

....2

बैंक हिन्दी में पत्राचार का स्वागत करता है ।

एमएसएमई विकास केन्द्र, सी - 11, जी ब्लॉक, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (पूर्व), मुंबई - 400 051. दूरभाष: 022-67531100, फैक्स: 022-67531377
MSME Development Centre, C-11, G-Block, Bandra-Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai - 400 051. Tel.: 022-67531100, Fax: 022-67531377
www.sidbi.in

**निर्णय** : अपील निरस्त की जाती है ।

प्रार्थी के सहायता करने के उद्देश्य से सूचित किया जाता है कि वह भारतीय स्टेट बैंक के संबंधित अधिकारी श्री पी.के.मिश्रा, महाप्रबंधक (एस एम ई) से gm.sme@sbi.co.in पर अथवा 022-22740510 पर सम्पर्क कर सकता है । अथवा उत्तर प्रदेश के टोल फ्री न.18001027788 पर सम्पर्क कर सकता है । चूंकि अपील में फीस का प्रावधान नहीं है पोस्टल आर्डर प्रार्थी को वापिस प्रेषित किया जाए ।

निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी को प्रषित की जाए ।

शैमहलवार 4.8.2016

**[शैलेन्द्र महलवार]**

**मुख्य महाप्रबंधक तथा प्रथम अपीलीय प्राधिकारी**